हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा में चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच गया है।आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने अंबाला ज़िले के नारायणगढ़ में जनसभा को संबोधित किया और लोगों से कांग्रेस प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की। श्री राहुल गांधी अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर रहे। कांग्रेस द्वारा सढौरा से विजय संकल्प यात्रा भी शुरू की जा रही है जो मुलाना, साहा, शाहबाद और लाडवा होते हुए थानेसर पहुंचेगी।उधर, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भिवानी में बीजेपी उम्मीदवारों के पक्ष में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस पर तीखे हमले किए। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि देश के विभाजन के पीछे कांग्रेस की सोच थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता को लूटने का काम किया है।कल शाम भी हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरों पर रहा। असम के मुख्यमंत्री हिमता बिस्वा शर्मा ने जुलाना में बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि श्री गांधी ने लोकसभा चुनाव में पूरे देश में प्रचार किया कि बीजेपी आएगी तो संविधान की हत्या हो जायेगी और आरक्षण समाप्त कर दिया जायेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अब स्वम राहुल गांधी ने अमरीका में कांग्रेस पार्टी को सरकार बनने पर आरक्षण समाप्त करने की बात की है। श्री शर्मा ने परिवारवाद का मुद्दा भी उठाया।केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस पर प्रदेश में भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया और केंद्र व हरियाणा सरकार की कल्याणकारी नीतियों की प्रशंसा की।वहीं कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कुरुक्षेत्र के गांव खेड़ी मारकंडा में लोगों को संबोधित किया और थानेसर से बीजेपी प्रत्याशी सुभाष सुधा को वोट देने की अपील की।फ़रीदाबाद में बीजेपी प्रत्याशी विपुल गोयल ने अपना जनसंपर्क अभियान जारी रखा और लोगों से विकास के नाम पर वोट मांगे।

****

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे 8 नेताओं को तुरंत प्रभाव से 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन ने रोहतक में दी। जिन नेताओं को निष्कासित किया गया है, उनमे लाडवा से संदीप गर्ग, असंध से जिले राम शर्मा, गन्नौर से देवेंद्र कादियान, सफीदों से बच्चन सिंह आर्य, रानिया से रणजीत चौटाला, महम से

राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल और हथीन से केहर सिंह रावत शामिल हैं। इन नेताओं का निष्कासन तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

****

हरियाणा विधानसभा आम चुनावों के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वाले और दिव्यांग मतदाताओं की घर से मतदान की प्रक्रिया कल पूरी हो गई । मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अनुमोदन करने पर 85 वर्ष से अधिक आयु के 9596 मतदाताओं तथा 2600 दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई। 5 अक्तूबर को मतदान की तैयारियों को लेकर उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में कुल 20 हजार 632 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। इनमें से 144 आदर्श मतदान केंद्र हैं और 115 मतदान केंद्र ऐसे हैं जो पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा, 114 मतदान केंद्र युवा कर्मचारियों तथा 87 मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सभी केंद्रों की वेबकास्टिंग की जाएगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि इन चुनावों के लिए 24 हजार 719 कंट्रोल यूनिट तथा 26 हजार 774 वी वी पैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावों में सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 225 कंपनियों तैनात की जा चुकी है। इसके अलावा, उड़न दस्तों की 500 टीमें तथा 461 राज्य निगरानी टीमें भी तैनात की गई हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वरिष्ठ बी.जे.पी नेता कल दोपहर पलवल जिले में मदपुरी टोल प्लाजा के निकट एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। हरियाणा बी.जे.पी की प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन ने पलवल में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। फरीदाबाद से हमारे सवांदाता ने बताया है कि रैली में फरीदाबाद से भी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

****

अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को अगले महीने 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कोलकाता की सड़कों से लेकर फिल्म जगत की ऊचांईयों तक, मिथुन-दा का उल्लेखनीय फिल्मी सफ़र पीढ़ियों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि दादा साहब फाल्के चयन समिति ने भारतीय सिनेमा में मिथुन-दा के असाधारण योगदान के लिए उन्हें यह शीर्ष पुरस्कार देने का फैसला किया है।